......

# मानसिक अभिरूचि

PART-3

(66). आपने अपने कैरियर के लिए पुलिस सेवा को क्यों चुना है-
→ प्रदेश को अन्याय मुक्त अपराध मुक्त व भय मुक्त शासन दिलाने में अपना योगदान देने के लिए-

(67). गश्त के क्रम में आपको एक मारूति वैन खड़ी मिलती है, जिसका पेट्रोल समाप्त हो गया है। वैन में औरतें एवं बच्चे भी है, जो भूख से परेशान है, तो आप क्या करेंगे-
→ गश्ती पार्टी को वही रोककर नजदीक के पेट्रोल पम्प/दुकान से पेट्रोल एवं नाश्ता सामग्री की व्यवस्था करने में उनकी मदद कर देंगे -

(68). आप ट्रैफिक ड्यूटी में है, सड़क के दोनो तरफ फुटपाथ पर आम लोग सब्जी/सामान बेच रहे हैं, तो आप क्या करेंगे -
→ सामान हटाने के आदेश पर भी दुकान नही हटाते है, तो पुलिस एक्ट, 1861 की धारा 34 के अंतर्गत कार्यवाही करने का आग्रह पदाधिकारी से करेंगे-

(69). रात्रि में लगभग 1 बजे अगर कोई व्यक्ति अपने घर पर घटित घटना की सूचना लेकर थाने में आता है, उस समय आप थाने में ड्यूटी पर है, तो आप क्या कार्यवाही करेंगे-
→ उस व्यक्ति को सहानुभूतिपूर्वक बैठने को कहेंगे तथा तत्काल थाना प्रभारी से मिलवाएंगे |

(70). आप थाने में तैनात है, कोई व्यक्ति आपके पास अपने घर पर हुई चोरी की सूचना लेकर आता है, आप क्या करेंगे-
→ उसे शांत कराने का प्रयास करेंगे तथा प्रभारी के पास केस दर्ज कराने ले जाएंगे-

(71). आपके थाना क्षेत्र में एक लाश सड़क पर लावारिश हालत में पड़ी है और इस कारण सड़क पर भीड़ बढ़ गई है, आप क्या कदम उठाएंगे-
→ तुरंत अपने थाने को सूचना भेजेंगे तथा लाश की निगरानी करेंगे-

(72). पुलिस में भर्ती होने के लिए किस विचारधारा से आप प्रभावित हुए-
→ इसमे सामाजिक परोपकारिता एवं साहसिक कार्य अधिक है।

(73). एक सुअनुशासित पुलिसकर्मी का लक्षण है-
→ अपने कर्त्तव्य का ईमानदारी से पालन करना

(74). एक अच्छा पुलिसकर्मी होने के लिए किन विशेषताओं का होना जरूरी है-
→ उपरोक्त सभी

(75). महिलाएँ भी पुलिस सेवा के लिए सर्वथा उपयुक्त है, क्योंकि-
→ उनमे भी साहस, सामर्थ्य व बुद्धि पुरुषो से कम नही होती-
→ उनमे चरित्र बल व मानसिक दृढ़ता पुरूषो से कम नही होती (आयोग द्वारा)

......

(76). आपके इलाके में उग्रवादियों को ग्रामीणों से लगातार मदद मिल रही है, तो आप क्या करेंगे–
→ मदद के कारणों को जानकर वरीय पदाधिकारी को सूचित करेंगे–

(77). निम्न में से नियंत्रित फायरिंग क्या होती है–
→ बहुत आवश्यक होने पर भी कम से कम गोली चलाना

(78). आप नक्सल क्षेत्र के पिकेट ड्यूटी में हैं। आपके साथ 2-8 का सशस्त्र बल का गार्ड है, आप कैसे ड्यूटी करेंगे–
→ नियमानुसार दिन में आधा गार्ड तथा रात्रि में पूरा गार्ड बिल्कुल तैयारी हालत में रहेंगे एवं दो संतरी आगे-पीछे रहेंगे–

(79). आप सशस्त्र बल के साथ विधि-व्यवस्था ड्यूटी में हैं। उग्र छात्रों के पथराव से आपके सिर में चोट लगती है और सिर फूट जाता है, तो आप क्या करेंगे–
→ सहनशीलता का परिचय देते हुए किसी को पार्टी का प्रभारी बनाकर अनुमति प्राप्त कर अस्पताल जाएँगे–

(80). आपको लगातार किसी प्रभावशाली व्यक्ति के खिलाफ यह शिकायत मिल रही है कि वह किसी गैर कानूनी काम का संचालन करता है तो आप क्या करेंगे–
→ मामले की छानबीन कर सच्चाई जानने का प्रयास करेंगे–

(81). आप विधि व्यवस्था ड्यूटी में तैनात हैं। छात्रों के उत्तेजक जुलूस गुजरने के क्रम में आपको कोई गाली दे देता है, तो आप क्या करेंगे–
→ ऐसी कोई कार्यवाही नहीं करेंगे, जिससे छात्रों का जुलूस और भड़के एवं संयम से काम लेंगे।

(82). किसी एकत्रित भीड़ के उपद्रवी हो जाने पर तत्काल पुलिस अधिकारी द्वारा कौन-सा कदम उठाया जाएगा–
→ अश्रु गैस का आदेश

(83). जॉन ट्रेन के एक शांत डिब्बे में यात्रा कर रहा है और उस दिन प्रस्तुत किए जाने वाले असाइनमेंट के अंतिम भाग को पूरा कर रहा है। उसके बगल में बैठा व्यक्ति अपने मोबाइल फोन पर जोर से संगीत बजा रहा है। जॉन परेशान है। जॉन को क्या कार्यवाही करनी चाहिए–

......

(84). फोस्टर ने अपने कारखाने का निर्माण बहुत मेहनत और उत्साह के साथ किया। लेकिन उसका दुर्भाग्य है कि वह एक आग दुर्घटना में जल कर धूल में मिल गया। दुर्भाग्य से वह अपनी कंपनी का बीमा करने में असफल रहा। फोस्टर द्वारा की गई नि० लि० में से कौन-सी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि इसमें अपने दुर्भाग्य से निकलने के लिए मानसिक दृढ़ता है–

→ शुक्र है, केवल मेरी गलतियाँ ही जली हैं और अब मैं नए सिरे से शुरुआत कर सकता हूँ।

(85). उठाईगिरी बड़े और छोटे व्यवसाय के लिए समान रूप से एक समस्या है। यह इंगित करना मुश्किल है कि उठाईगिरि वास्तव में किसके द्वारा किया जा सकता है, और लोग ऐसा क्यों करते हैं इसका कोई एक मुख्य कारण नहीं है। उठाईगिरि जरूरत के कारण से या कोई एक ऐसा लक्जरी आइटम जिसे वे खरीद नहीं सकते उसे पाने के कारण से इसे करते हैं। उठाईगिरि रिटेलर्स के लिए चिंता का बढ़ता हुआ एक कारण है। उठाईगिरि की रोकथाम में नि० लि० कौन सा उपाय मदद करेगा–

→ सेल्स स्टाफ को व्यस्त या उसका ध्यान किसी अन्य ओर नहीं होना चाहिए–

......

# शितल अपने परिवार के साथ फिल्म देखने गई थी तब कॉलेज की लडकियो का एक समूह उसके सामने आकर बैठ जाता है, लडकिया थिएटर में दुर्व्यहार करती है। वे तेज। आवाज मे बात कर रही है, और अपने मोबाइल स्विच ऑन कर रखी है। फ़ोन के शोर और लाइट से शीतल और परिवार को परेशानी हो रही है। पहली चीज शीतल क्या कर सकती है

A० – झुके और लडकियो से अपने फ़ोन स्विच आफ करने और बात न करने का अनुरोध करे (option Accordiy)

# मोहन एक अंतर्मुखी व्यक्ति है। कार्यस्थल पर उसके बहुत कम दोस्त है। वह काम पर और दिनचर्या में किसी भी तरह के बदलाव से नफरत करता है। वह पिछले 6 सालो से उस काम को एक ही तरह से कर रहा है। उसका नया मैनेजर पुरी टीम को पुर्नगठित करना चाहता है। इससे पहले की मोहन अपनी नयी भूमिका में आये, उसे कुछ ऑनलाइन पाठ्यक्रम पूरे करने होंगे। मोहन के व्यक्तित्व को जानने के बाद निम्न मे से कौनसा कार्य उसके करने की संभावना है।

A - मोहन द्वारा अपनी वर्तमान भूमिका में किसी भी तरह के बदलाव का विरोध करने की सम्भावना है। option According)

......

# सैली एक सफल शिक्षिका है। दुर्भाग्य से दुर्घटना मे दोनो पेर खो दिये। प्रबंध द्वारा किया गया निम्न मे कौनसा कार्य इंगित करता है कि उनमें कर्मचारियों के प्रति संवेदनशीलता की कमी है।

A- सेली को अपना इस्तीफा देने ओर 2 महीने की नोटिस अवधि पुरा करने को कहा गया

# HR सलाहकार के रूप में आपको एक प्रमुख कम्पनी द्वारा किसी व्यक्ति का शीर्ष पद पर भर्ती करने के लिए कहा गया है। आप अगर लिंग को लेकर संवेदनशील नहि है, तो -

A आप केवल पुरुष उम्मीदवार का चयन करना पसंद करेंगे

# तस्करी एक आर्थिक अपराध है। जिन वस्तुओ की अधिकतम तस्करी की जाती है। उनमें ड्रग्स, सोना, चांदी, हथियार विस्फोटक, रिस्ट वॉच आदि शामिल है। तस्करी नियंत्रित करने में निम्न मे कोन एक चुनौती नहि है

A संस्थागत और अंतराष्ट्रीय सहयोग

# पुलिस का सबसे महत्वपुर्ण कार्य कार्य है।

जनता की सुरक्षा